मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-430
25/11/2019

मुख्यमंत्री ने राजगीर जाने के क्रम में निर्माणाधीन एन0एच0– 30ए एवं एस0एच0– 78 का किया निरीक्षण

पटना, 25 नवम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने राजगीर महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेने हेतु राजगीर जाने के क्रम में आज एन0एच0– 30ए एवं एस0एच0– 78 बिहटा–सरमेरा और नूरसराय–सिलाव, सालेपुर से तेलमर होते हुये फोर लेन तक सड़क का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगरनौसा के उत्तर–पूरब की ओर से बाईपास का निर्माण किया जाय। साथ ही चण्डी में एन0एच0–30ए और एस0एच0–78 के जंक्शन पर जैतीपुर मोड़ के पास अंडरपास बनाया जाय ताकि लोगों को सड़क पार करने में सुविधा हो एवं होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। नूरसराय से सिलाव पथ को दस मीटर चौड़ा बनाया जाना है। यह 75 किलोमीटर लंबी सड़क है। इससे पटना से राजगीर जाने की दूरी मात्र 85 किलोमीटर रह जायेगी। इसके बन जाने के बाद पटना एयरपोर्ट से राजगीर डेढ़ घंटे में पहुँचा जा सकेगा।

निरीक्षण के दौरान प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, परिवहन सचिव सह बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सह आयुक्त पटना प्रमण्डल श्री संजय अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

******